शुष्क खेती को प्रोत्साहन देना

*** 94. श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में शुष्क खेती के उत्पादन की दर तथा सिंचित भूमि के उत्पादन की दर में भारी अन्तर है ;

(ख) यदि हां, तो देश में इन दोनों के उत्पादन की औसत दरें क्या हैं ;

(ग) क्या देश के कृषि उत्पादन में वृद्धि करने के लिये सरकार शुष्क खेती की उत्पादन में वृद्धि करने का विचार रखती है ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने शुष्क खेती की उत्पादन दर में वृद्धि करने की कोई काय-योजना तैयार की है ; और

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक शुष्क खती उत्पादन का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1990-91 के लिये कुछ महत्वपूर्ण फसलों/राज्यों के संबंध में सिंचित तथा असिंचित दोनों क्षेत्रों की औसत पैदावार दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । (**नीचे** देखिये)

(ग) और (घ) जी, हां । इस समय फसल उत्पादन बढ़ाने की विभिन्न योजनायें तथा वर्षा सिंचित क्षेत्रों के लिये राष्ट्रीय पनधारा विकास परियोजना नामक एक विशेष योजना और कुछ बाहरी सहायता प्राप्त योजनायें बारानी खती की उत्पादकता बढ़ाने हेतु चलाई जा रही हैं ।

(ङ) यद्यपि बारानी खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिये कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है तथापि वर्षा सिंचित क्षेत्रों के लिये राष्ट्रीय पनधारा विकास परियोजना व्यय के अन्तर्गत आठवीं योजना के दौरान 1100 करोड़ रुपये नियोजित परिव्यय के साथ 28.00 लाख हैक्टेयर क्षेत्र का उपचार करने का प्रस्ताव है ।

विवरण

प्रमुख फसलों के बारे में सिंचित और असिंचित क्षेत्रों की पैदावार के राज्यवार अनुमान

(कि० ग्रा० प्रति हैक्टेयर)

फसल	राज्य	सिंचित	असिंचित
चावल (खरीफ)	असम	2274	965
	बिहार	1225	897
	कर्नाटक	2464	1604
	मध्य प्रदेश	1643	1065
	पंजाब	3240	2025
	तमिलनाडु	3718	1216
गेहूं	बिहार	1885	1382
	हरियाणा	3503	1697
	मध्य प्रदेश	2239	863
	पंजाब	3780	2130
	राजस्थान	2491	1257

फसल	राज्य	सिंचित	असिंचित
ज्वार	गुजरात	475	386
(खरीफ)	हरियाणा	540	143
	कर्नाटक	2272	842
बाजरा	गुजरात	1044	686
	हरियाणा	1015	734
	महाराष्ट्र	963	568
	पंजाब	1174	612
	राजस्थान	838	510
	तमिलनाडु	2552	904
मक्का	हरियाणा	1312	1273
	कर्नाटक	2829	2395
	पंजाब	2240	1234
जौ	हरियाणा	2175	1376
	मध्य प्रदेश	1655	843
	पंजाब	2981	1300
	राजस्थान	1917	1012
मूंगफली	गुजरात	772	430
	कर्नाटक	785	573
	पंजाब	1079	547
	राजस्थान	1390	824
	तमिलनाडु	1559	1092
चना	गुजरात	860	627
	हरियाणा	912	638
	मध्य प्रदेश	1009	739
	पंजाब	1160	594
	राजस्थान	908	552
गन्ना	पंजाब	60380	41100
तोरिया सरसों	असम	898	652
	गुजरात	988	645
	हरियाणा	1367	1225
	मध्य प्रदेश	1340	456
	पंजाब	1050	612
कपास	गुजरात	395	157
	कर्नाटक	371	138
	महाराष्ट्र	267	108
	तमिलनाडु	435	220
	मध्य प्रदेश	132	101